एकादशः अध्यायः

प्रथमः श्लोकः

शौनक उवाच—अथेममर्थं पृच्छामो भवन्तं बहुवित्तमम् ।
समस्ततन्त्रराद्धान्ते भवान् भागवततत्त्ववित् ॥१॥

पदच्छेद—

अथ इमम् अर्थम् पृच्छामो भवन्तम् बहुवित्तमम् ।
समस्त तन्त्र राद्धान्ते भवान् भागवत तत्त्ववित्त ॥

शब्दार्थ—

अथ	१. तदनन्तर	समस्त	५.	समस्त
इमम् अर्थम्	७. इस अर्थ को	तन्त्र	६.	शास्त्रों के
पृच्छाम:	८. जानाना चाहते है	राद्धान्ते	१०.	सिद्धान्त के सम्बन्ध में
भवतन्म्	४. आपसे	भवान्	९.	क्योंकि आप
बहु	२. बहुत	भगवान्	११.	भागवतं
वित्तमम् ।	३. जानने वाले में श्रेष्ठ	तत्त्ववित्त	१२.	तत्त्व को जानने वाले हैं

श्लोकार्थ—तदनन्तर बहुत जानने वालों में श्रेष्ठ आपसे समस्त शास्त्रों के इसको जानना चाहते हैं । क्योंकि आप सिद्धान्त के सम्बन्ध में भागवत तत्व को जानने वाले हैं ।

द्वितीयः श्लोकः

तान्त्रिकाः परिचर्यायां केवलस्य श्रियः पतेः ।
अङ्गोपाङ्गायुधाकल्पं कल्पयन्ति यथा च यैः ॥२॥

पदच्छेद —

तान्त्रिकाः परिचर्यायाम् केवलस्य श्रियः पतेः ।
अङ्ग उपाङ्ग आयुध अकल्पम् कल्पयन्ति यथा च यैः ॥

शब्दार्थ—

तन्त्रिकाः	१. पञ्चरात्र आदि तत्वों के ज्ञाता	अङ्ग	६. उनके चरणादि अङ्ग
परिचर्यायाम्	५. आराधना में	उपाङ्ग	७. गरुडादि उपाङ्ग
केवलस्य	२. केवल	आयुध	८. सुदर्शनादि आयुध
श्रियः	३. लक्ष्मी	अकल्पम्	९. कौस्तुभादि, आभूषण की
पतेः ।	४. पति भगवान् की	कल्पयन्ति	११. कल्पना करते हैं वह बताएँ
		यथा च यैः ।	१०. जिस प्रकार जिन साधनों से

श्लोकार्थ—पञ्चरात्र आदि तत्वों के ज्ञाता केवल लक्ष्मीपति भगवान् की आराधना में उनके चरणादि अङ्ग गरूडादि उपाङ्ग, सुदर्शनादि आयुद्ध और कौस्तुभादि आभूषण को कल्पना करते हैं । जिस प्रकार जिन साधनों से कल्पना करते हैं वह बतायें ।

तृतीयः श्लोकः

तन्नो वर्णय भद्रं ते क्रियायोगं बुभुत्सताम् ।
येन क्रियानैपुणेन मर्त्यो यायादमर्त्यताम् ॥३॥

पदच्छेद—

तत् न वर्णय भद्रम् ते क्रियायोगम् बभुत्सताम् ।
येन क्रिया नै पुणेन मर्त्यः यायात् अमर्त्यताम् ॥

शब्दार्थ—

तत् नः	३. हमें यह	येन क्रिया	६. जिसका कुशलतापूर्वक
वर्णये	४. बता दें	नै पुणेन्	७. आचरण करने से
भद्रम् ते	५. आपका कल्याण हो	मर्त्यः	८. मनुष्य
क्रियायोगम्	१. क्रिया योग को	यायात्	१०. प्राप्त कर लेता है
बुभुत्सताम् ।	२. समझने के इच्छुक	अमर्त्यताम् ।	९. अमरत्व को

श्लोकार्थ—क्रिया योग को समझने के इच्छुक हमें यह बता दें, आपका कल्याण हो कि जिसका कुशलतापूर्वक आचरण करने से मनुष्य अमरतत्व को प्राप्त कर लेता है ।

चतुर्थः श्लोकः

नमस्कृत्य गुरून् वक्ष्ये विभूतीर्वैष्णवीरपि ।
याः प्रोक्ता वेदतन्त्राभ्यामाचार्यैः पद्मजादिभिः ॥४॥

पदच्छेद—

नमस्कृत्य गुरून् वक्ष्ये विभूतीःवैष्णवीर अपि ।
याः प्रोक्ताः वेदतन्त्र अभ्यामाचार्यैः पद्मजादिभिः ॥

शब्दार्थ—

नमस्कृत्य	१०. नमस्कार करके	याः	६. जिन
गुरून्	९. गुरुओं को	प्रोक्ताः	८. वर्णन किया है (उनका मैं)
वक्ष्ये	११. वर्णन करूंगा	वेदतन्त्रा	३. वेदों और पाञ्चरात्रादि तन्त्रों ने
विभूतीः	७. विभूतियों का	अभ्यामाचार्यैं	२. आचार्यों ने
वैष्णवीः	५. विष्णु भगवान् की	पद्मजादिभिः ।	१. आदि ब्रह्मा तथा
अपि ।	४. भी		

श्लोकार्थ—आदि ब्रह्मा तथा आचार्यों ने वेदों और पाञ्चरात्रादि तन्त्रों ने भी विष्णु भगवान् की जिन विभूतियों का वर्णन किया है । (उनका मैं) गुरुओं को नमस्कार करके वर्णन करूँगा ।

पञ्चमः श्लोकः

मायाद्यैर्नवभिस्तत्त्वैः स विकारमयो विराट् ।
निर्मितो दृश्यते यत्र सचित्के भुवन त्रयम् ॥५॥

पदच्छेद—

मायाद्यैः नवभिः तत्त्वैः स विकारमयोः विराट् ।
निर्मितः दृश्यते यत्र सचित्के भुवन त्रयम् ॥

शब्दार्थ—

मायाद्यैः	१.	प्रकृति आदि	निर्मितः	६.	बना हुआ है
नवभिः	२.	नौ	दृश्यते	१०.	दिखाई पड़ते थे
तत्त्वैः	३.	तत्वों से	यत्र	७.	जिस
स विकारमयः	४.	वह विकारमय	सचित्के	८.	चेतनाधिष्ठित (विराट् रूपों में)
विराट् ।	५.	विराट्	भुवन त्रयम् ॥	९.	तीनों लोक

श्लोकार्थ— प्रकृति आदि नौ तत्वों से वह विकारमय विराट बना हुआ है जिस चेतनाधिष्ठित विराट रूप में तीनों लोक दिखाई पड़ते थे ।

षष्ठः श्लोकः

एतद् वै पौरुषं रूपं भूः पादौ द्यौः शिरो नभः ।
नाभिः सूर्योऽक्षिणी नासे वायुः कर्णौ दिशः प्रभोः ॥६॥

पदच्छेद—

एतद् वै पौरुषं रूपम् भूः पादौ द्यौः शिरो नभः ।
नाभिः सूर्यः अक्षिणी नासे वायुः कर्णौ दिशः प्रभोः ॥

शब्दार्थ—

एतद्	१.	यह	नाभिः	७.	नाभि है
वै पौरुषम्	२.	ही पुरुष	सूर्यः अक्षिणी	८.	सूर्य नेत्र हैं
रूपम्	३.	रूप है	नासे वायुः	९.	वायु नासिका है
भूः पादौ	४.	पृथ्वी उनके चरण हैं	कर्णौ	१२.	कान हैं
द्यौः शिरः	५.	स्वर्ग मस्तक है	दिशः	१०.	दिशायें
नभः ।	६.	अन्तरिक्ष	प्रभोः ॥	११.	भगवान के

श्लोकार्थ—यह ही पुरुष रूप है, पृथ्वी उनके चरण हैं, स्वर्ग मस्तक है, अन्तरिक्ष नाभि है, सूर्य नेत्र हैं, वायु नासिका है, दिशायें भगवान् के कान हैं ।

सप्तमः श्लोकः

प्रजापतिः प्रजननमपानो मृत्युरीशितुः ।
तद्बाहवो लोकपाला मनश्चन्द्रो भ्रुवौ यमः ॥७॥

पदच्छेद—

प्रजापतिः प्रजननम् अपानः मृत्युः ईशितुः ।
तत् बहवः लोकपाला मनः चन्द्र भ्रुवौ यमः ॥

शब्दार्थ —

प्रजापतिः	२. प्रजापति	तत्	७. उनकी
प्रजननम्	३. लिङ्ग है	बहवः	८. भुजायें हैं
अपानः	५. गुदा है	लोकपाला	६. लोकपालगण
मृत्युः	४. मृत्यु	मनः	१०. मन है और
ईशितुः ।	१ प्रभु के	चन्द्रः	९. चन्द्रमा
		भ्रुवौ यमः ॥	११. भौहें हैं यमराज

श्लोकार्थ—प्रभु के प्रजापति लिङ्ग हैं । मृत्यु गुदा है । लोकपालगण भुजायें हैं । चन्द्रमा मन है और यमराज भौहें हैं ।

अष्टमः श्लोकः

लज्जोत्तरोऽधरो लोभो दन्ता ज्योत्स्ना स्मयो भ्रमः ।
रोमाणि भूरुहा भूम्नो मेघाः पुरुषमूर्धजाः ॥८॥

पदच्छेद—

लज्जा उत्तरः अधरः लोभः दन्ता ज्योत्स्ना स्मयः भ्रमः ।
रोमाणि भूरुहा भूम्नः मेघाः पुरुषः मूर्धजाः ॥

शब्दार्थ—

लज्जा उत्तरः	१. ऊपर का ओठ लज्जा है	रोमाणि	१०. रोम हैं
अधरःलोभः	२. नीचे का ओठ लोभ है	भूरुहा	८. वृक्ष
दन्ता	४. दांत हैं	भूम्नः	९. भूमा पुरुष के
ज्योत्सना	३. चाँदनी	मेघाः	११. और बादल ही
स्मयः	७. मुसकान	पुरुषः	१२. विराट पुरुष के
भ्रमः	६. भ्रमः	मूर्धजाः ॥	१३. सिर के बाल हैं

श्लोकार्थ—ऊपर का ओठ लज्जा है, नीचे का ओठ लोभ है । चाँदनी दांत है, भ्रम मुसकान है । वृक्ष भूमा पुरुष के रोम हैं । और बादल ही विराट पुरुष के सिर के बाल हैं ।

नवमः श्लोकः

याबानयं वै पुरुषो यावत्या संस्थया मितः ।
तावानसावपि महापुरुषो लोकसंस्थया ॥९॥

पदच्छेद—

यावान् अयम् वै पुरुषः यावत्या संस्थया मितः ।
तावान् असौअपि महापुरुषः लोक संस्थया ॥

शब्दार्थ—

यावान्	१.	जितना	तावान्	७.	उतने ही
अयम्	२.	व्यष्टि	असौ	८.	वह समष्टि से
वै पुरुषः	३.	पुरुष	अपि	१२.	भी है
यावत्या	४.	जितने	महापुरुषः	११.	महापुरुष
संस्थया	५.	परिमाण से	लोक	९.	लोक
मितः ।	६.	परिमित सात वित्ते का है	संस्थया ॥	१०.	परिमाण से युक्त है

श्लोकार्थ—जितना व्यष्टि पुरुष जितने परिमाण से परिमित सात वित्ते का है, उतने ही वह समष्टि लोक परिमाण से युक्त है । वह महापुरुष भी है । ॥

दशमः श्लोकः

कौस्तुभव्यपदेशेन स्वात्मज्योतिर्बिभत्यजः ।
तत्प्रभा व्यापिनी साक्षात् श्रीवत्समुरसा विभुः ॥१०॥

पदच्छेद—

कौस्तुभ व्यपदेशेन स्वात्मज्योतिः विभक्ति अजः ।
तत् प्रभा व्यापिनी साक्षात् श्रीवत्समुरसा विभु ॥

शब्दार्थ—

कौस्तुभ	३.	कौस्तुभमणि के	तत्	८.	उनकी
व्यपदेशेन	४.	बहाने	प्रभा	१०.	प्रभा के
स्वात्म	५.	अपनी आत्म	व्यपिनी	९.	सर्वव्यापिनी
ज्योतिः	६.	ज्योति को	साक्षात्	१.	स्वयम्
विभक्ति	७.	धारण करते हैं और	श्रीवत्सम्	११.	श्रीवत्स चिह्न को
अजः ।	२.	अजन्मा भगवान्	उरसाविभुः ॥	१२.	वक्षःस्थल पर धारण करते हैं

श्लोकार्थ—स्वयम् अजन्मा भगवान् कौस्तुभमणि के बहाने अपनी आत्मज्योति को धारण करते हैं । और उनकी सर्वव्यापिनी प्रभा के श्रीवत्स चिह्न को वक्षः स्थल पर धारण करते हैं ॥

एकादशः श्लोकः

स्वमायां वनमालाख्यां नानागुणमयीं दधत्।
वासश्छन्दोमयं पीतं ब्रह्मसूत्रं त्रिवृत् स्वरम् ॥११॥

पदच्छेद—

स्वमायाम् वनमालाख्यां नाना गुणमयीम् दधत्।
वाशः छन्दोमयम् पीतम् ब्रह्मसूत्रम् त्रिवृत स्वरम् ॥

शब्दार्थ—

स्वमायाम्	३. अपनी माया को	वाशः	७. स्वर के रूप में
वनमाला	४. वनमाला के	छन्दोमयम्	६. छन्द को
आख्याम्	५. रूप में	पीतम्	८. पीताम्बर तथा
नाना	१. अनेक	ब्रह्मसूत्रम्	११. यज्ञोपवीत के रूप मे
गुणमयीम्	२. गुणों वाली	त्रिवृत	१०. तीन मात्रा वाले
दधत्।	१२. धारण करते हैं	स्वरम् ॥	९. स्वर प्रणव को

श्लोकार्थ—अनेक गुणों वाली अपनी माया को वन माला के रूप में, छन्द को स्वर के रूप में पीताम्बर तथा स्वर प्रणव को तीन मात्रा वाले यज्ञोपवीत के रूप में धारण करते हैं ॥

द्वादशः श्लोकः

बिभर्ति सांख्यं योगं च देवो मकरकुण्डले।
मौलिं पदं पारमेष्ठ्यं सर्वलोकाभयङ्करम् ॥१२॥

पदच्छेद—

बिभर्ति सांख्यम् योगम् च देव मकर कुण्डले।
मौलिम् पदम् पारमेष्ठ्यम् सर्वलोक अभयङ्करम् ॥

शब्दार्थ—

बिभर्ति	११. धारण करते हैं	मौलिम्	९. मुकुट के
सांख्यम्	२. सांख्य और	पदम्	१०. रूप में
योगम्	३. योग को	पारमेष्ठ्यम्	८. ब्रह्मलोक को
च देव	१. और देवादिदेव भगवान्	सर्वलोक	६. सब लोकों को
मकर	४. मकर कृत	अभयङ्करम् ॥	७. अभय कर देने वाले
कुण्डले।	५. कुण्डल के रूप में		

श्लोकार्थ—और देवादिदेव भगवान् सांख्य और योग को मकरकृत कुण्डल के रूप में सब लोकों को अभय कर देने वाले ब्रह्म लोक को मुकुट के रू। धारण करते हैं ॥

त्रयोदशः श्लोकः

अव्याकृतमनन्ताख्यमासनं यदधिष्ठितः।
धर्मज्ञानादिभिर्युक्तं सत्त्वं पद्ममिहोच्यते ॥१३॥

पदच्छेद—

अव्याकृतम् अनन्त आख्यम् आसनम् यद धिष्ठित:।
धर्मज्ञान आदिभिः युक्तम् सत्त्वम् पद्ममिहोच्यते ॥

शब्दार्थ—

अव्याकृतम्	१. मूल प्रकृति ही	धर्मज्ञान	८. धर्मज्ञान
अनन्त	२. अनन्त	आदिभिः	९. आदि से
आख्यम्	३. नामक	युक्तम्	१०. युक्त
आसनम्	४. शय्या है	सत्त्वम्	११. सत्त्व गुण ही
यद	६. जिस पर वे	पद्मम्	१२. यहाँ उनका नाभि कमल
धिष्ठित्।	७. विराजमान हैं	इहउच्यते ॥	१३. कहा जाता है

श्लोकार्थ—मूल प्रकृति ही अनन्त नामक शय्या है, जिस पर वे विराजमान हैं। धर्मज्ञान आदि से युक्त सत्त्वगुण ही यहाँ उनका नाभि कमल कहा जाता है ॥

चतुर्दशः श्लोकः

ओजःसहोबलयुतं मुख्यतत्त्वं गदां दधत्।
अपां तत्त्वं दरवरं तेजस्तत्त्वं सुदर्शनम् ॥१४॥

पदच्छेद—

ओजः सहोबल युतम् अख्यं तत्त्वम् गदाम् दधत्।
अपाम् तत्त्वम् दखरम् तेजः तत्त्वम् सुदर्शनम् ॥

शब्दार्थ—

ओजः	१. वे मन	अपाम्	७. जल
सहोबल	२. इन्द्रिय और बल से	तत्त्वम्	८. तत्त्व रूप
युतम्	३. युक्त	दखरम्	९. पञ्चजन शंख और
मुख्यम्	४. प्राण	तेजः	१०. तेजस
तत्त्वम्	५. तत्वस्वरूप	सत्त्वम्	११. तत्त्व रूप
गदाम् दधत्।	६. कौमोदकी गदा	सुदर्शनम् ॥	१२. सुदर्शनचक्र को धारण करते हैं

श्लोकार्थ—वे मन, इन्द्रिय और बल से युक्त प्राण तत्व स्वरूप कौमोदकी गदा, जल तत्त्व रूप पञ्चजन शंख और तेजस, तत्वरूप सुदर्शन चक्र को धारण करते हैं ॥

पञ्चदशः श्लोकः

नभोनिभं नभस्तत्त्वमसिं चर्म तमोमयम् ।
कालरूपं धनुः शार्ङ्गं तथा कर्ममयेषुधिम् ॥१५॥

पदच्छेद—

नभःनिभम् नभः तत्त्वम् असिम् चर्म तमोमयम् ।
कालरूपम् धनुः शार्ङ्गं तथा कर्ममय ईषुधिम् ।।

शब्दार्थ—

नभः	१. आकाश के	काल	८. काल
निभम्	२. समान निर्मल एवं	रूपम्	९. रूप
नभः	३. आकाश	धनुः	१०. धनुष
तत्त्वम्	४. तत्व रूप	शार्ङ्गं	११. शार्ङ्गम्
असिम्	५. खड्ग	तथा	१२. तथा
चर्म	६. ढाल	कर्ममय	१३. कर्ममय
तमोमयम् ।	७. तमोमय (अज्ञान रूप)	ईषुधिम् ।।	१४. ईषुधिम् (तरकस धारण करते हैं)

श्लोकार्थ—आकाश के समान निर्मल एवं आकाश तत्व रूप खड्ग ढाल तमोमय अज्ञान कालरूप धनुष शाङ्र्ग तथा कर्ममय तरकस धारण करते हैं ।।

षोडशः श्लोकः

इन्द्रियाणि शरानाहुराकूतीरस्य स्यन्दनम् ।
तन्मात्राण्यस्याभिव्यक्तिं मुद्रयार्थक्रियात्मताम् ॥१६॥

पदच्छेद—

इन्द्रियाणि शरान आहुः आकूतीः अस्य स्पन्दनम् ।
तन्मात्राणि अस्य अभिव्यक्तिम् मुद्रयार्थं क्रियात्मताम् ।।

शब्दार्थ—

इन्द्रियाणि	१. इन्द्रियों को भगवान् के	तन्मात्राणि	७. तनमात्रायें
शरान्	२. वाणों के रूप में	अस्य	८. उस रथ का
आहुः	३. कहा गया है	अभिव्यक्तिम्	९. बाहरी भाग है
आकूतीः	४. क्रिया शक्ति	मुद्रयार्थं	१०. वर अभय आदि मुद्राओं से
अस्य	५. उनका	क्रियात्	११. वरदान आदि के रूप में उनकी
स्पन्दनम् ।	६. रथ है	आत्मताम् ।।	१२. क्रिया शीलता प्रकट होती है

श्लोकार्थ—इन्द्रियों को भगवान् के वाणों के रूप में कहा गया है। क्रिया शक्ति उनका रथ है। तन्मात्रायें उस रथ का बाहरी भाग है। वर अभय आदि मुद्राओं से वरदान आदि के रूप में उनकी क्रिया शीलता प्र॰ट होती है ।।

सप्तदशः श्लोकः

मण्डलं देवयजनं दीक्षा संस्कार आत्मनः ।
परिचर्या भगवत आत्मनो दुरितक्षयः ॥१७॥

पदच्छेद—

मण्डलम् देव यजनम् दीक्षा संस्कार आत्मनः ।
परिचर्या भगवत आत्मनः दुरित क्षयः ॥

शब्दार्थ—

मण्डलम्	१. सूर्य मण्डल	परिचर्या	१०.	परिचर्या है
देव यजनम्	२. भगवान् की पूजा का स्थान है	भगवत	९.	भगवान की
दीक्षा	५. मन्त्र दीक्षा है	आत्मनः	६.	अपने
संस्कार	४. शुद्धिः	दुरित	७.	पापों को
आत्मनः ।	३. अन्तःकरण की	क्षयः ॥	८.	नष्ट कर देना

श्लोकार्थ—सूर्य मण्डल भगवान् की पूजा का स्थान है । अन्तःकरण की शुद्धि मन्त्र दीक्षा है । अपने पापों को नष्ट कर देना भगवान् की परिचर्या है ॥

अष्टादशः श्लोकः

भगवान् भगशब्दार्थं लीलाकमलमुद्वहन् ।
धर्मं यशश्च भगवांश्चामरव्यजनेऽभजत् ॥१८॥

पदच्छेद—

भगवान् भग शब्द अर्थं लीला कमलम् उद्वहन् ।
धर्मम् यशः च भगवान् चामर व्यजने अभजत् ॥

शब्दार्थ—

भगवान्	१. भगवान्	धर्मम्	७.	धर्म और
भगशब्द	२. भगशब्द के	यशः च	८.	यश को
अर्थम्	३. अर्थ को	भगवान्	९.	भगवान्
लीला	४. लीला	चामर	१०.	चंवर एवम्
कमलम्	५. कमल रूप से	व्यजने	११.	पंखे के रूप से
उद्वहन् ।	६. धारण करते हैं	अभजत् ॥	१२.	धारण करते हैं

श्लोकार्थ—भगवान् भगशब्द के अर्थ को (ऐश्वर्य, धर्म, यश, लक्ष्मी, ज्ञान और वैराग्य को) लीला कमल रूप से धारण करते हैं. धर्म और यश को भगवान् चंवर एवम् पंखे के रूप में धारण करते हैं ॥

एकोनविंशः श्लोकः

आतपत्रं तु वैकुण्ठं द्विजा धामाकुतोभयम् ।
त्रिवृद्वेदः सुपर्णाख्यो यज्ञं वहति पूरुषम् ॥१९॥

पदच्छेद—

आतपत्रम् तु वैकुण्ठम् द्विजा धाम अकुतोभयम् ।
त्रिवृद् वेदः सुपर्णाख्यः यज्ञम् वहति पूरुषम् ॥

शब्दार्थ—

आतपत्रम्	५.	छत्र रूप से	त्रिवृद्	७.	तीन
तु	६.	धारण करते हैं ये	वेदः	८.	वेदों का
वैकुण्ठम्	४.	वैकुण्ठ को	सुपर्णाख्यः	९.	नाम गरुड है
द्विजा	१.	द्विजगण	यज्ञम्	१०.	वही यज्ञ
धाम	३.	धाम	वहति	१२.	वहन करता है
अकुतोभयम् ।	२.	निर्भय अपने	पूरुषम् ॥	११.	पुरुष (परमात्मा) का

श्लोकार्थ—हे द्विजगण ! अपने निर्भय धाम वैकुण्ठ को छत्ररूप से धारण करते हैं। तीन वेदों का नाम गरुड है। वही यज्ञ पुरुष परमात्मा का वहन करता है ॥

विंशः श्लोकः

अनपायिनी भगवती श्रीः साक्षादात्मनो हरेः ।
विष्वक्सेनस्तन्त्रमूर्तिर्विदितः पार्षदाधिपः ।
नन्दादयोऽष्टौ द्वाःस्थाश्च तेऽणिमाद्या हरेर्गुणाः ॥२०॥

पदच्छेद—

अनपायिनी भगवती श्रीः साक्षात् आत्मनः हरेः ।
विष्वकसेनः तन्त्रमूर्तिः विदितः पार्षद अधिपः ।
नन्दादयोऽष्टौ द्वाःस्थाः च तेऽणि माद्या हरेः गुणाः ॥

शब्दार्थ—

अनपायिनी	३.	कभी न बिछुड़ने वाली शक्ति	विदितः	९.	विश्व विश्रुत
भगवती	५.	भगवती	पार्षद	७.	विष्णु के पार्षदों के
श्रीः	६.	लक्ष्मी है	अधिपः ।	८.	नायक
साक्षात्	४.	साक्षात्	नन्दादयो	१०.	नन्द आदि
आत्मनः	१.	आत्म स्वरूप	अष्टौ	१३.	आठ
हरेः ।	२.	भगवान् की	द्वाः स्थाः	१४.	द्वार पाल हैं
विष्वकसेनः	१०.	विष्वकसेन	च ते अणि माद्या	१२.	वे अणिमा आदि
तन्त्रमूर्तिः ।	११.	पाञ्चरात्रादि (आगमरूप है)	हरे र्गुणाः ॥	१५.	हरि के गुण

श्लोकार्थ—आत्म स्वरूप भगवान् की कभी न बिछुड़ने वाली शक्ति साक्षात् भगवती लक्ष्मी है। विष्णु के पार्षदों के नायक विश्व विश्रुत विष्वक्सेन पाञ्चरात्रादि आगम रूप है। हरि के गुण वे अणिमा आदि आठ द्वारपाल हैं ॥

एकविंशः श्लोकः

वासुदेवः सङ्कर्षणः प्रद्युम्नः पुरुषः स्वयम् ।
अनिरुद्ध इति ब्रह्मन् मूर्तिव्यूहोऽभिधीयते ॥२१॥

पदच्छेद—

वासुदेवः सङ्कर्षणः प्रद्युम्नः पुरुषः स्वयम् ।
अनिरुद्ध इति ब्रह्मन् मूर्तिव्यूहः अभिधीयते ॥

शब्दार्थ—

वासुदेवः	४. वासुदेव	अनिरुद्ध	७. और अनिरुद्ध
सङ्कर्षणः	५. संङ्कर्षण	इति	८. यह
प्रद्युम्नः	६. प्रद्युम्न	ब्रह्मन्	१. हे ब्रह्मन् !
पुरुषः	३. भगवान्	मूर्तिव्यूहः	९. मूर्तिव्यूह (चतुर्व्यूह)
स्वयम् ।	२. स्वयम्	अभिधीयते ॥	१०. कहलाते हैं

श्लोकार्थ—हे ब्रह्मन् ! स्वयम् भगवान् वासुदेव, संङ्कर्षण, प्रद्युम्न और अनिरुद्ध यह मूर्तिव्यूह (चतुर्व्यूह) कहलाते हैं ॥

द्वाविंशः श्लोकः

स विश्वस्तैजसः प्राज्ञस्तुरीय इति वृत्तिभिः ।
अर्थेन्द्रियाशयज्ञानैर्भगवान् परिभाव्यते ॥२२॥

पदच्छेद—

सः विश्वः तैजसः प्राज्ञस्तुरीय इति वृत्तिभिः ।
अर्थेन्द्रियाशय ज्ञानैर्भगवान् परि भाव्यते ॥

शब्दार्थ—

सः विश्वः	१. वे विश्व	अर्थेन्द्रियाशय	६. विषय इन्द्रिय
तैजसः	२. तैजस	ज्ञानैर्भगवान्	७. चित्त और ज्ञान के द्वारा
प्राज्ञस्तुरीय	३. प्राज्ञ और तुरीय	परि	८. भगवान् समझे
इति	४. इन	भाव्यते ॥	९. जाते हैं
वृत्तिभिः ।	५. वृतियों से		

श्लोकार्थ—वे विश्व तैजस प्राज्ञ और तुरीय इन वृत्तियों से विषय इन्द्रिय चित्त और ज्ञान के द्वारा भगवान् समझे जाते हैं ॥

त्रयोविंशः श्लोकः

अङ्गोपाङ्गयुधाकल्पैर्भगवांस्तच्चतुष्टयम् ।
बिभर्ति स्म चतुर्मूर्तिर्भगवान् हरिरीश्वरः ॥२३॥

पदच्छेद—

अङ्ग उपाङ्ग आयुध आकल्पैः भगवान् तत् चतुष्टयम् ।
बिभर्ति स्म चतुर्मूर्तिः भगवान् हरि ईश्वरः ॥

शब्दार्थ—

आङ्गः	१.	इस प्रकार अङ्क	बिभर्तिस्म	१२.	धारण करते है
उपाङ्कः	२.	उपाङ्ग	चतुर्मूर्तिः	५.	चार रूपों में
आयुध	३.	आयुध और	भगवान्	७.	इन चार मूतियों के रूप में प्रकट
आकल्पैः	४.	आभूपणों से युक्त तथा			
भगवान्	११.	वही भगवान है	हरिः	८.	भगवान हरि
तत्	९.	उन	ईश्वरः ॥	६.	सर्व शक्तिमान
चतुष्टयम् ।	१०.	चार रूपों को			

श्लोकार्थ—इस प्रकार अङ्ग, उपाङ्ग, आयुध और आभूषणों से युक्त तथा चाररूपों में वासुदेव, संङ्कर्षण और प्रद्युम्न, अनिरुद्ध इन चार मूर्तियों के रूप में प्रकट सर्वशक्ति मान भगवान् हरि उन चार रूपों को (विश्व, तैजस, प्राज्ञ, तुरीय रूप को) वही भगवान् धारण करतेहैं।।

चतुर्विंशः श्लोकः

द्विजऋषभ स एष ब्रह्मयोनिः स्वयंदृक् स्वमहिमपरिपूर्णो मायया च स्वयैतत्
सृजतिहरतिपातीत्याख्ययानावृताक्षो विवृत इव निरुक्तस्तत्परैरात्मलभ्यः

पदच्छेद—

द्विज ऋषभः सः एषब्रह्मयोनिः स्वयंदृक् स्वमहिम परिपूर्णः मायया च स्वया एतत् ।
सृजति हरति पाति इति आख्यया अनावृत अक्षः विवृत इव निरुक्तः तत्परैः आत्मलभ्यः ॥

शब्दार्थ—

द्विजऋषभ	१.	हे ब्राह्मण श्रेष्ठ	सृजति हरति	९.	सृष्टि और संहार करते हैं
सः एष	२.	वही भगवान्	पाति इति	१०.	पालन सृष्ट ब्रह्मादि
ब्रह्मयोनिः	३.	वेदों के मूल	आख्यया	११.	रूपों तथा नाम से
स्वयंदृक्	४.	स्वयम् प्रकाश	अनावृत अक्षः	१२.	उनका ज्ञान तिरोहित नहीं होता है
स्वमहिम्	५.	एवम् अपनी महिमा से	विवृत इव	१३.	यद्यपिशास्त्रों में वे भिन्न के समान
परिपूर्णः	६.	परिपूर्ण हैं और	निरुक्तः	१४.	वर्णित हुये हैं
मायया च	७.	माया से	तत्परैः	१५.	किन्तु अपने परायणभक्तों को
स्वया एतत् ।	८.	अपनी इस विश्व की	आत्मलभ्यः ॥	१६.	आत्म स्वरूप से वे प्राप्तहोतेहै

श्लोकार्थ—हे ब्राह्मण श्रेष्ठ ! वही भगवान् वेदों के मूल स्वयं प्रकाश एवं अपनी महिमा से परिपूर्ण हैं । और माया से अपनी इस विश्व की सृष्टि और संहार करते हैं । पालन सृष्टा ब्रह्मादि रूपों ताथ नाम से उनका ज्ञान तिरोहित नहीं होता है । यद्यपि शास्त्रों में वे भिन्न के समान वर्णित हुये हैं । किन्तु अपने परायण भक्तों को आत्म रूप से वे प्राप्त होते हैं ।।

पञ्चविंशः श्लोकः

श्रीकृष्ण कृष्णसख वृष्ण्यृषभावनिध्रुग्राजन्यवंशदहनानपवर्गवीर्य ।
गोविन्द गोपवनिताव्रजभृत्यगीततीर्थश्रवः श्रवणमङ्गल पाहि भृत्यान् ।२५।

पदच्छेद—

श्री कृष्ण कृष्णसख वृष्णि ऋषभ अवनिध्रुग् राजन्य वंशदहन अनपवर्गवीर्य ।
गोविन्द गोपवनिता व्रज भृत्य गीत तीर्थश्रवः श्रवणमङ्गल पाहि भृत्यान् ।।

शब्दार्थ—

श्रीकृष्ण	१.	हे श्रीकृष्ण	गोविन्द	८.	गोविन्द
कृष्णसख	२.	अर्जुन के सखा	गोपवनिता	९.	गोपबालाओं तथा
वृष्णिऋषभ	३.	यदुवंश में श्रेष्ठ	व्रजभृत्य	१०.	व्रजके प्रेमी (नारदादि के द्वारा)
अवनिध्रुग	४.	पृथ्वी के द्रोही	गीत	११.	गाये गये
राजन्यवंश	५.	राजाओं के वंश को	तीर्थश्रवः	१२.	पवित्र यशवाले
दहन	६.	जलाने वाले	श्रवणमङ्गल	१३.	श्रवण करने से मङ्गल देने वाले
अनपवर्गवीर्य ।	७.	एकरस पराक्रम वाले	पाहि भृत्यान् ।।	१४.	हमसेवको की रक्षा कीजिये

श्लोकार्थ—हे श्रीकृष्ण ! अर्जुन के सखा यदुवंश में श्रेष्ठ पृथ्वी के द्रोही राजाओं के वंश को जलाने वाले एकरस पराक्रम वाले गोविन्द गोपबालाओं तथा व्रज के प्रेमी नारदादि के द्वारा गाये गये पवित्र यशवाले श्रवण करने योग्य मङ्गल देने वाले हम सेवकों की रक्षा कीजिये ।।

षट्विंशः श्लोकः

य इदं कल्य उत्थाय महापुरुषलक्षणम् ।
तच्चित्तः प्रयतो जप्त्वा ब्रह्म वेद गुहाशयम् ॥२६॥

पदच्छेद—

य इदम् कल्प उत्थाय महा पुरुष लक्षणम् ।
तत् चितः प्रयतः जप्त्वा ब्रह्म वेद गुहाशयम् ।।

शब्दार्थ—

यः	१.	जो मनुष्य	तत्	६.	भगवान् में
इदम्	४.	इस	चित्तः	५.	मन को
कल्य	२.	प्रातः काल	प्रयतः	७.	लगाकर
उत्थाय	३.	उठकर	जप्त्वा	१०.	पवित्र होकर जप या पाठ करेगा
महापुरुष	८.	महा पुरुष	ब्रह्मवेद	१२.	परमात्मा को जान लेगा
लक्षणम् ।	९.	चिह्नभूत इस वर्णन का	गुहाशयम् ।।	११.	हृदय रूपीगुफा में रहने वाले

श्लोकार्थ—जो मनुष्य प्रातःकाल उठकर इस मन को भगवान् में लगा कर पवित्र होकर महापुरुष के इस वर्णन का चिह्न भूत जप या पाठ करेगा वह हृदय रूपी गुफा में रहने वाले परमात्मा को जान लेगा ।।

सप्तविंशः श्लोकः

शौनक उवाच—शुको यदाह भगवान् विष्णुराताय श्रृण्वते ।
सौरो गणो मासि मासि नाना वसति सप्तकः ॥२७॥

पदच्छेद—

शुकः यद् आह भगवान् विष्णुराताय श्रृण्वते ।
सौरो गणो मासि मासि नाना वसति सप्तकः ॥

शब्दार्थ—

शुकः	४.	शुकाचार्य ने	सौरो	७.	ऋषि, गन्धर्व आदि सातों का एक सौर
यत्	५.	जो	गणो	८.	गण होता है
आह	६.	कहा था कि	मासि मासि	६.	प्रत्येक मास में
भगवान्	३.	भगवान्	नाना	११.	बदलते
विष्णुराताय	१.	परीक्षित से (५स्कन्ध में)	वसति	१२.	रहते हैं
श्रृण्वते ।	२.	भागवत सुनते हुये	सप्तकः ॥	१०.	ये सातों

श्लोकार्थ—भागवत सुनते हुये परीक्षित से ५ स्कन्ध में भगवान् शुकाचार्य ने जो कहा था कि, ऋषि, गन्धर्व आदि सातों का एक सौर गण होता है । प्रत्येक मास में ये सातों बदलते रहते हैं ।

अष्टाविंशः श्लोकः

तेषां नामानि कर्माणि संयुक्तानामधीश्वरैः ।
ब्रूहि नः श्रद्दधानानां व्यूहं सूर्यात्मनो हरेः ॥२८॥

पदच्छेद -

तेषाम् नामानि कर्माणि संयुक्तानाम् अधीश्वरैः ।
ब्रूहि नः श्रद्धधानानाम् व्यूहम् सूर्यात्मनः हरेः ॥

शब्दार्थ—

तेषाम्	३.	उन बारह गणों के	ब्रूहि	११.	बता दीजिये
नामानि	४.	नाम और	नः	६.	हमें
कर्माणि	५.	कर्म तथा	श्रद्दधानानाम्	१०.	श्रद्धालुओं को
संयुक्तानाम्	१.	संयुक्त	व्यूहम्	८.	विभाग
अधिईश्वरैः ।	२.	स्वमी आदित्यों से	सूर्यात्मनः	६.	सूर्य स्वरूप
			हरेः ॥	७.	भगवान हरि का

श्लोकार्थ—अपने स्वामी आदित्यों से संयुक्त उन बारह गणों के नाम और कर्म तथा सूर्य स्वरूप भगवान् हरि का विभाग हम श्रद्धालुओं को बता दीजिये ।।

एकोनत्रिंशः श्लोकः

सूत उवाच—अनाद्यविद्यया विष्णोरात्मनः सर्वदेहिनाम् ।
निर्मितो लोकतन्त्रोऽयं लोकेषु परिवर्तते ॥२९॥

पदच्छेद—

अनादि अविद्यया विष्णोः आत्मनः सर्व देहिनाम् ।
निर्मितो लोकतन्त्रो अयम् लोकेषु परिवर्तते ॥

शब्दार्थ—

अनादि	५. अनादि	निर्मितः	७.	निर्मित
अविद्यया	६. अविद्यया द्वारा	लोकतन्त्रः	८.	लोकों के व्यवहार प्रवर्तक सूर्य मण्डल
विष्णोः	४. विष्णु की	अयम्	९.	यह
आत्मानः	३. आत्मा	लोकेषु	१०.	लोकों में
सर्व	१. समस्त	परि	११.	भ्रमण
देहिनाम् ।	२. प्राणियों की	वर्तते ॥	१२.	किया करते हैं

श्लोकार्थ—समस्त प्राणियों की आत्मा विष्णु की अनादि अविद्या के द्वारा निर्मित लोकों के व्यवहार में प्रवर्तक सूर्य मण्डल यह लोकों में भ्रमण किया करते हैं ॥

त्रिंशः श्लोकः

एक एव हि लोकानां सूर्य आत्माऽऽदिकृद्धरिः ।
सर्ववेदक्रियामूलमृषिभिर्बहुधोदितः ॥३०॥

पदच्छेद—

एक एव हि लोकानाम् सूर्यः आत्मा आदिकृत् हरिः ॥
सर्व वेद क्रिया मूलम् ऋषिभः बहुधा उदितः ॥

शब्दार्थ—

एक-एव हि	४. एक-मात्र	सर्ववेद	७.	वे समस्त वैदिक
लोकानाम्	१. लोकों के	क्रिया	८.	क्रियायों के
सूर्यः	५. सूर्य हैं	मूलम्	९.	मूल हैं
आत्मा	२. आत्मा एवम्	ऋषिभिः	१०.	ऋषियों ने उनका
आदिकृत्	३. आदि कर्त्ता	बहुधाः	११.	बहुत रूपों में
हरिः ।	६. हरि ही	उदितः ॥	१२.	वर्णन किया है

श्लोकार्थ—लोकों के आत्मा एवं आदिकर्ता एक मात्र हरि ही सूर्य हैं। वे समस्त वैदिक क्रियायों के मूल हैं। ऋषियों ने उनका बहुत रूपों में वर्णन किया है ॥

एकत्रिंशः श्लोकः

कालो देशः क्रिया कर्ता करणं कार्यमागमः ।
द्रव्यं फलमिति ब्रह्मन् नवधोक्तोऽजया हरिः ॥३१॥

पदच्छेद—

कालः देशः क्रिया: कर्ता करणम् कार्यम् आगमः ।
द्रव्यम् फलम् इति ब्रह्मन् नवधा उक्तः अजया हरिः ॥

शब्दार्थ—

कालः	४. काल	द्रव्यम्	११. द्रव्य और
देशः	५. देश	फलम्	१२. फल
क्रियाः	६. क्रिया	इति	१३. रूप से
कर्ता	७. कर्ता	ब्रह्मन्	१. हे शौनक जी !
करणम्	८. करण	नवधा	१४. नौ प्रकार के कहे गये हैं
कार्यम्	९. कार्यम् (यागादि कर्म)	उक्तः	३. माया के द्वारा
आगमः ।'	१०. वेद मन्त्र	अजया हरिः ॥	२. भगवान् ही

श्लोकार्थ— हे शौनक जी ! भगवान ही माया के द्वारा काल, देश, क्रिया, कर्ता, करण, यागादि कर्म, वेद मन्त्र द्रव्य और फल रूप से नौ प्रकार से कहे गये हैं ॥

द्वात्रिंशः श्लोकः

मध्वादिषु द्वादशसु भगवान् कालरूपधृक् ।
लोकतन्त्राय चरति पृथग्द्वादशभिर्गणैः ॥३२॥

पदच्छेद—

मधु आदिषु द्वादशसु भगवान् काल रूप धृक् ।
लोक तन्त्राय चरति पृथक् द्वादशभिः गणैः ॥

शब्दार्थ—

मधु	६. चैत्र	लोक	४. लोकों का
आदिषु	७. आदि	तन्त्राय	५. व्यवहार चलाने के लिये
द्वादशसु	८. बारह मासों में से	चरति	१२. चक्कर लगाया करते हैं
भगवान्	३. भगवान् सूर्य	पृथक्	९. भिन्न-भिन्न
कालरूप	१. काल रूप	द्वादशभिः	१०. बारह
धृक् ।	२. धारी	गणैः ॥	११. गणों के साथ

श्लोकार्थ—काल रूप धारी भगवान् सूर्य लोकों का व्यवहार चलाने के लिये चैत्र आदि बारह मासों में से भिन्न-भिन्न बारह गणों के साथ चक्कर चलाया करते है ॥

त्रयस्त्रिंशः श्लोकः

धाता कृतस्थली हेतिर्वासुकी रथकृन्मुने ।
पुलस्त्यस्तुम्बुरुरिति मधुमासं नयन्त्यमी ॥३३॥

पदच्छेद—

धाता कृतस्थली हेतिः वासुकी रथकृत् मुने ।
पुलस्त्यः तुम्बुरुः इति मधुमासम् नयन्त्यमी ॥

शब्दार्थ—

धाता	२. धाता नामक सूर्य	पुलस्त्य	७. पुलस्त्य ऋषि और
कृतस्थली	३. कृतस्थलो अप्सरा	तुम्बुरु	८. तुम्बुरु गन्धर्व
हेति	४. हेति राक्षस	इति	९. आदि
वासुकी	५. वासुकी सर्प	मधु	१०. ये चैत्र
रथकृत्	६. रथकृत यक्ष	मासम	११. मास का
मुने ।	१. हे शौनक जी	नयन्त्यमी ॥	१२. कार्य सम्पन्न करते हैं

श्लोकार्थ—हे शौनक जी ! धाता नामक सूर्य कृतस्थली अप्सरा हेति राक्षस वासुकि सर्प रथकृत् यक्ष पुलस्त्य ऋषि और तुम्बुरु गन्धर्व आदि ये चैत्रमास का कार्य सम्पन्न करते हैं ॥

चतुस्त्रिंशः श्लोकः

अर्यमा पुलहोऽथौजाः प्रहेतिः पुञ्जिकस्थली ।
नारदः कच्छनीरश्च नयन्त्येते स्म माधवम् ॥३४॥

पदच्छेद—

अर्यमा पुलहः अथौजाः प्रहेतिः पुञ्जिकस्थली ।
नारदः कच्छनीरः च नयन्ति एते स्म माधवम् ॥

शब्दार्थ—

अर्यमा	१. अर्यमा सूर्य	नारदः	७. नारद गन्धर्व
पुलह	१. पुलह ऋषि	कच्छनीरः	८. और कच्छनीर सर्प
अथौजाः	३. अथोजा यक्ष	चनयन्ति	११. कार्य सम्पन्न करते हैं
प्रहेति	४. प्रहेति राक्षस	एतेस्म	९. ये
पुञ्जिक	५. पुञ्जिक स्थली नामक	माधवम् ॥	१०. बैसाख मास का
स्थली ।	६. अप्सरा		

श्लोकार्थ—अर्यमा सूर्य पुलह ऋषि अथोजा यक्ष प्रहेति राक्षस पुञ्जिकस्थली नामक अप्सरा नारद गन्धर्व और कच्छनीर सर्प बैसाख मास का कार्य सम्पन्न करते हैं ॥

पञ्चत्रिंशः श्लोकः

मित्रोऽत्रिः पौरुषेयोऽथ तक्षको मेनका हूहा ।
रथस्वन इति ह्येते शुक्रमासं नयन्त्यमी ॥३५॥

पदच्छेद—

मित्रः अत्रिः पौरुषेयः अथतक्षकः मेनका हूहा ।
रथस्वन इति ह्येते शुक्र मासम् नयन्त्यमी ॥

शब्दार्थ—

मित्र	१.	मित्र सूर्य	रथस्वन	८.	रथस्वन यक्ष
अत्रिः	२.	अत्रि ऋषि	इति	९.	ये
पौरुषेयः	३.	पौरुषेय राक्षस	ह्येते	१०.	ही
अथ	४.	तदन्तर	शुक्र	११.	ज्येष्ठ
तक्षक	५.	तक्षक सर्प	मासम्	१२.	मास के
मेनका	६.	मेनका	नयन्त्यि	१३.	कार्य
हूहा ।	७.	हाहा गन्धर्व	अमी ॥	१४.	निर्वाहक है

श्लोकार्थ—मित्रसूर्य, अत्रि ऋषीः पौरुषेय राक्षस तदनन्तर तक्षक सर्प मेनका अप्सरा हाहा गन्धर्व और रथस्वन यक्ष ये ही ज्येष्ठ मास के कार्य निर्वाहक हैं ॥

षट्त्रिंशः श्लोकः

वसिष्ठो वरुणो रम्भा सहजन्यस्तथा हुहूः ।
शुक्रश्चित्रस्वनश्चैव शुचिमासं नयन्त्यमी ॥३६॥

पदच्छेद—

वशिष्ठ वरुणः रम्भा सहजन्य स्तथा हुहूः ।
शुक्रः चित्रस्वनःचएव शुचिमासं नयन्ति अमी ॥

शब्दार्थ—

वशिष्ठ	१.	वशिष्ठ ऋषि	शुक्र	७.	शुक्र नाग और
वरुणः	२.	वरुण नामक सूर्य	चित्रस्वन	८.	चित्रस्वन यक्ष
रम्भा	३.	रम्भा अप्सरा	एव	९.	ही
सहजन्यः	४.	सह जन्यः यक्ष	शुचि	११.	आषाढ़
तथा	५.	तथा	मासम्	१२.	मास के कार्य का
हूहूः ।	६.	हू हू गन्धर्व	नयन्ति	१३.	निर्वाह करते हैं
			अमी ॥	१०.	ये

श्लोकार्थ—वशिष्ठ ऋषि, वरुण नामक सूर्य, रम्भा अप्सरा, सहजन्य यक्ष तथा हूहू गन्धर्व, शुक्र नाग और चित्रस्वन राक्षस ही ये आषाढ़ मास का कार्य निर्वाह करते हैं ॥

सप्तत्रिंशः श्लोकः

इन्द्रो विश्वावसुः श्रोता एलापत्रस्तथाङ्गिरा ।
प्रम्लोचा राक्षसो वर्यो नभोमासं नयन्त्यमी ॥३७॥

पदच्छेद—

इन्द्रो विश्वावसु श्रोता एलापत्रः तथा अङ्गिराः ।
प्रम्लोचा राक्षसः वर्यः नभो मासम् नयन्त्यिमीः ॥

शब्दार्थ—

इन्द्रः	१.	इन्द्र नामक सूर्य	प्रम्लोचा	७.	प्रम्लोचा अप्सरा
विश्वावसुः	२.	विश्वावसु गन्धर्व	राक्षसः	९.	राक्षस
श्रोता	३.	श्रोता यक्ष	वर्यः	८.	एवंवर्य नामक
एलापत्रः	४.	एलापत्र नाग	नभो	१०.	ये श्रावण
तथा	५.	तथा	मासम्	११.	मास का
अङ्गिरा ।	६.	अङ्गिरा ऋषि	नयन्ति	१२.	कार्य
			अमी ॥	१३.	करते हैं

श्लोकार्थ—इन्द्र नामक सूर्य, विश्ववसु गन्धर्व, श्रोतायक्ष, एलापत्र नाग तथा अङ्गिरा ऋषि, प्रम्लोचा अप्सरा, एवं वर्य नामक राक्षस ये श्रावण मास के कार्य करते हैं ॥

अष्टत्रिंशः श्लोकः

विवस्वानुग्रसेनश्च व्याघ्र आसारणो भृगुः ।
अनुम्लोचा शङ्खपालो नभस्याख्यं नयन्त्यमी ॥३८॥

पदच्छेद—

विवस्वान् उग्रसेनः च व्याघ्र आसारणः भृगुः ।
अनुम्लोचा शङ्खपालः नभस्याख्यम् नयन्ति अमी ॥

शब्दार्थ—

विवस्वान्	१.	विवस्वान् सूर्य	शङ्खपालः	७.	शङ्खपाल नाग
उग्रसेन	२.	उग्रसेन गन्धर्व	नभस्य	८.	मास
च व्याघ्र	३.	व्याघ्र राक्षस	आख्यम्	१०.	भाद्रपद
आसारणः	४.	असारण यक्ष	नयन्ति	११.	नामक मास का कार्य करते हैं
भृगु ।	५.	भृगु ऋषि	अमी ॥	९.	ये
अनुम्लोचा ।	६.	अनुम्लोचा अप्सरा			

श्लोकार्थ—विवस्वान् सूर्य उग्रसेन गन्धर्व, व्याघ्र राक्षस, आसारण यक्ष, भृगु ऋषि, अनुम्लोचा अप्सरा, शङ्खपाल नाग ये भाद्रपद नामक मास का कार्य करते हैं ॥

एकोनचत्वारिंशः श्लोकः

पूषा धनञ्जयो वातः सुषेणः सुरुचिस्तथा ।
घृताची गौतमश्चेति तपोमासं नयन्त्यमी ॥३९॥

पदच्छेद—

पूषा धनञ्जयः वातः सुषेणः सुरुचिः तथा ।
घृताची गौतमः च इति तपो मासम् नयन्ति अमी ॥

शब्दार्थ—

पूषा	१. पूषा सूर्य	घृताची	७. घृताची अप्सरा
धनञ्जयः	२. धनञ्जय नाग	गौतमः	८. गौतम ऋषि
व तः	३. वात् राक्षस	च इति	९. और
सुषेण	४. सुषेण गन्धर्व	तपो	१०. माघ
सुरुचिः	५. सुरुचि यक्ष	मासम्	११. मास के
तथा ।	६. तथा	नयन्तिअमी ॥	१२. कार्य सम्पन्न करते हैं

श्लोकार्थ—पूषा सूर्य, धनञ्जय नाग, वात राक्षस, सुषेण गन्धर्व, सुरुचि यक्ष तथा घृताची अप्सरा और गौतम ऋषि, माघ मास में कार्य सम्पन्न करते हैं ॥

चत्वारिंशः श्लोकः

ऋतुर्वर्चा भरद्वाजः पर्जन्यः सेनजित्तथा ।
विश्व ऐरावतश्चैव तपस्याख्यं नयन्त्यमी ॥४०॥

पदच्छेद—

ऋतुर्वर्चा भरद्वाजः पर्जन्यः सेनजित्तथा ।
विश्व ऐरावतश्चैव तपस्याख्यं नयन्त्यमी ॥

शब्दार्थ—

ऋतुः	१. ऋतु यक्ष	विश्व	७. विश्व गन्धर्व
वर्चाः	२. वर्चा राक्षस	ऐरावत	९. ऐरावत सर्प
भारद्वाजः	३. भारद्वाज ऋषि	च एव	८. और
पर्जन्यः	४. पर्जन्य नामक सर्प	तपस्य	१०. फाल्गुन
सेनजित्	५. सेनजित् अप्सरा	आख्यम्	११. नामक मास के कार्य
तथा ।	६. तथा	नयन्तिअमी ॥	१२. पूर्ण करते हैं

श्लोकार्थ—ऋतु यक्ष, वर्चा राक्षस, भारद्वाज ऋषि, पर्जन्य नामक सर्प, सेनजित अप्सरा तथा विश्व गन्धर्व, और ऐरावत सर्प फाल्गुन नामक मास के कार्य पूर्ण करते हैं ॥

एकचत्वारिंशः श्लोकः

अथांशुः कश्यपस्तार्क्ष्यं ऋतसेनस्तथोर्वशी ।
विद्युच्छत्रुर्महाशङ्खः सहोमासं नयन्त्यमी ॥४१॥

पदच्छेद—

अथांशुः कश्यपः तार्क्ष्य ऋतसेनः तथा उर्वशी ।
विद्युच्छत्रु महाशङ्खः सहोमासम् नयन्ति अमी ॥

शब्दार्थ—

अथांशुः	१. अंशु सूर्य	विद्युत्छत्रु	७. विद्युच्छत्रु राक्षस
कश्यपः	२. कश्यप ऋषि	महाशङ्खः	८. महाशङ्ख नाग
तार्क्ष्य	३. तार्क्ष्य यक्ष	सहोमासम्	१०. मार्गशीर्ष मास के
ऋतसेन	४. ऋतसेन गन्धर्व	नयन्ति	११. कार्य पूर्ण करते हैं
तथा	५. तथा	अमी ॥	९. ये
उर्वशी ।	६. उर्वशी अप्सरा		

श्लोकार्थ—अंशु सूर्य, कश्यप ऋषि, तार्क्ष्य यक्ष, ऋतसेन गन्धर्व तथा उर्वशी अप्सरा, विद्युच्छत्रु राक्षस; महाशङ्ख नाग ये मार्गशीर्ष मास के कार्य पूर्ण करते हैं ॥

द्विचत्वारिंशः श्लोकः

भगः स्फूर्जोऽरिष्टनेमिरूर्ण आयुश्च पञ्चमः ।
कर्कोटकः पूर्वचित्तिः पुष्यमासं नयन्त्यमी ॥४२॥

पदच्छेद—

भगः स्फूर्जः अरिष्ट नेमिः ऊर्ण आयुः च पञ्चमः ।
कर्कोटकः पूर्व चित्तिः पुष्य आसम् नयन्ति अमी ॥

शब्दार्थ—

भगः	१. भग नामक सूर्य	कर्कोटकः	७. कर्कोटक नाग
स्फूर्जः	२. स्फूर्ज राक्षस	पूर्वचित्ति	८. पूर्वचित्ति अप्सरा
अरिष्टनेमि	३. अरिष्टनेमि गन्धर्व	पुष्य	१०. पौष
ऊर्ण	४. ऊर्ण यक्ष	मासम्	११. मास के
आयुः च	६. आयुः ऋषि	नयन्ति	१२. कार्य करते हैं
पञ्चम ।	५. और पञ्चमः	अमी ॥	९. ये

श्लोकार्थ—भग नामक सूर्य, स्फूर्ज राक्षस, अरिष्ट नामक गन्धर्व, ऊर्ण यक्ष और आयु ऋषि, कर्कोटक नाग, पूर्वचित्ति अप्सरा ये पौष मास के काम करते हैं ॥

त्रयश्चत्वारिंशः श्लोकः

त्वष्टा ऋचीकतनयः कम्बलश्च तिलोत्तमा ।
ब्रह्मापेतोऽथ शतजिद् धृतराष्ट्र इषम्भराः ॥४३॥

पदच्छेद—

त्वष्टा ऋचीकतनयः कम्बलः च तिलोत्तमा ।
ब्रह्मापेतोऽथ शतजिद् धृतराष्ट्र इषम्भराः ॥

शब्दार्थ—

त्वष्टा	१. त्वष्टा सूर्य	ब्रह्मापेतः	७. ब्रह्मापेत राक्षस
ऋचीक	२. जमदग्नि	अथ	८. और
तनयः	३. ऋषि	शतजिद्	९. शतजिद् यक्ष
कम्बलः	४. कम्बल नाग	धृतराष्ट्र	१०. तथा धृतराष्ट्र गन्धर्व
च	५. और	इषम्भराः ॥	११. आश्विन मास के पूरक हैं
तिलोत्तमा ।	६. तिलोत्तमा अप्सरा		

श्लोकार्थ—त्वष्टा सूर्य, जमदग्नि ऋषि और कम्बल नाग, तिलोत्तमा अप्सरा, ब्रह्मापेत राक्षस और शतजिद् यक्ष तथा धृतराष्ट्र गन्धर्व, आश्विन मास के पूरक हैं ॥

चतुश्चत्वारिंशः श्लोकः

विष्णुरश्वतरो रम्भा सूर्यवर्चाश्च सत्यजित् ।
विश्वामित्रो मखापेत ऊर्जमासं नयन्त्यमी ॥४४॥

पदच्छेद—

विष्णुः अश्वतरः रम्भा सूर्यवर्चाः च सत्यजित् ।
विश्वामित्रः मखापेत ऊर्जमासम् नयन्ति अमी ॥

शब्दार्थ—

विष्णुः	१. विष्णु नामक सूर्य	विश्वामित्रः	७. विश्वामित्र ऋषि और
अश्वतरः	२. अश्वतर नाग	मखापेत	८. मखापेत राक्षस
रम्भा	३. रम्भा अप्सरा	ऊर्जमासम्	१०. कार्तिक मास के
सूर्यवर्चाः	४. सूर्यवर्चा गन्धर्व	नयन्ति	११. कार्य वाहक हैं
च	५. और	अमी ॥	९. ये
सत्यजित ।	६. सत्यजित यक्ष		

श्लोकार्थ—विष्णु नामक सूर्य, अश्वतर नाग, रम्भा अप्सरा, सूर्यवर्चा गन्धर्व और सत्यजित यक्ष, विश्वामित्र ऋषि और मखापेत राक्षस ये कार्तिक मास के कार्य वाहक है ॥

पञ्चचत्वारिंशः श्लोकः

एता भगवतो विष्णोरादित्यस्य विभूतयः ।
स्मरतां सन्ध्ययोर्नृणां हरन्त्यंहो दिने दिने ॥४५॥

पदच्छेद—

एता भगवतः विष्णोः आदित्यस्य विभूतयः ।
स्मरताम् सन्ध्ययोः नृणाम् हरन्ति अंहः दिने-दिने ॥

शब्दार्थ—

एता	२. ये	स्मरताम्	८. स्मरण करने वाले
भगवतः	३. भगवान्	सन्ध्ययोः	७ प्रातःकाल और सायंकाल
विष्णोः	४. विष्णु की	नृणाम्	९. लोगों के
आदित्यस्य	१. सूर्य रूप	हरन्ति	११. हरण कर लेती हैं
विभूतयः ।	५. विभूतियाँ	अंहः	१०. पाप को
		दिने-दिने ॥	६. प्रति-दिन

श्लोकार्थ—सूर्य रूप ये भगवान् विष्णु की विभूतियाँ प्रतिदिन प्रातःकाल और सायंकाल स्मरण करने वाले लोगों के पाप को हरण कर लेती है ॥

षट्चत्वारिंशः श्लोकः

द्वादशस्वपि मासेषु देवोऽसौ षड्भिरस्य वै ।
चरन् समन्तात्तनुते परत्रेह च सन्मतिम् ॥४६॥

पदच्छेद—

द्वादशसु अपि मासेषु देवः असौ षड्भिः अस्य वै ।
चरन् समन्तात् तनुते परत्र इह च सन्मतिम् ॥

शब्दार्थ—

द्वादशसुअपि	५. बारहों	चरन्	८. विचरते हुये
मासेषु	६. महीनों	समन्तात्	७. सब ओर
देवः	२. सूर्य देव	तनुते	१२. विस्तार करते हैं
असौ	१. ये	परत्र	१०. परलोक में
षड्भिः	४. छह गणों के साथ	इह च	९. इस लोक तथा
अस्य वै ।	३. अपने	सन्मतिम् ॥	११. सन्मति का

श्लोकार्थ— ये सूर्यदेव अपने छह गणों के साथ बारहों महीनों सब ओर से विचरते हुये, इस लोक तथा परलोक में सन्मति का विस्तार करते हैं ॥

सप्तचत्वारिंशः श्लोकः

सामर्ग्यजुर्भिस्तल्लिङ्गैर्ऋषयः संस्तुवन्त्यमुम् ।
गन्धर्वास्तं प्रगायन्ति नृत्यन्त्यप्सरसोऽग्रतः ॥४७॥

पदच्छेद—

साम ऋग्यजुर्भिः तत्लिङ्गैः ऋषयः संस्तुवन्ति अमुम् ।
गन्धर्वाः तम् प्रगायन्ति नृत्यन्ति अप्सरसः अग्रतः ॥

शब्दार्थ—

सामऋग्यजुर्भिः	३.	सामवेद, ऋग्वेद और यजुर्वेद से	गन्धर्वाःतम्	६.	गन्धर्व उनके यश का
तत् लिङ्गैः	२.	उनके चिह्न स्वरूप	प्रगायन्ति	७.	गायन करते हैं
ऋषयः	१.	ऋषि लोग	नृत्यन्ति	८.	नृत्य करती हैं
संस्तुवन्ति.	५.	स्तुति करते हैं	अप्सरसः	१०.	और अप्सरायें
अमुम् ।	४.	उनकी	अग्रतः ॥	९.	आगे-आगे

श्लोकार्थ—ऋषि लोग सामवेद, ऋग्वेद और यजुर्वेद से उनके चिह्न स्वरूप उनकी स्तुति करते हैं। गन्दर्व उनके यश का गायन करते हैं। और अप्सरायें आगे-आगे नृत्य करती हैं॥

अष्टचत्वारिंशः श्लोकः

उन्नह्यन्ति रथं नागा ग्रामण्यो रथयोजकाः ।
चोदयन्ति रथं पृष्ठे नैरृता बलशालिनः ॥४८॥

पदच्छेद—

उन्नह्यन्ति रथम् नागा ग्रामण्यो रथ योजकाः ।
चोदयन्ति रथम् नैऋता बल शालिनः ॥

शब्दार्थ—

उन्नह्यन्ति	३.	कसे रहते हैं	चोदयन्ति	११.	ढकेलते हैं
रथम्	२.	रथ को	रथम्	१०.	रथ को
नागा	१.	नाग गण	नैऋताः	९.	राक्षस गण पीछे से
ग्रामण्यो	४.	यक्ष गण	बल	७.	बल
रथ	५.	रथ का	शालिनः ॥	८.	शाली
योजकाः ।	६.	साज सजाते हैं			

श्लोकार्थ—नाग गण रथ को कसे रहते हैं। यक्ष गण रथ का साज सजाते हैं बलशाली राक्षस गण पीछे से रथ को ढकेलते हैं॥

एकोनपञ्चाशः श्लोकः

बालखिल्याः सहस्राणि षष्टिर्ब्रह्मर्षयोऽमलाः ।
पुरतोऽभिमुखं यान्ति स्तुवन्ति स्तुतिभिर्विभुम् ॥४६॥

पदच्छेद—

बालखिल्याः सहस्राणि षष्टिः ब्रह्मर्षयः अमलाः ।
पुरतः अभिमुखम् यान्ति स्तुवन्ति स्तुतिभिः विभुम् ॥

शब्दार्थ—

बालखिल्याः	१. बालखिल्य नाम के	पुरतः	६. आगे से
सहस्राणि	३. हजार	अभिमुखम् यान्ति	७. सूर्य की ओर मुँह करके चलते हैं
षष्टिः	२. साठ	स्तुवन्ति	१०. स्तुति करते हैं
ब्रह्मर्षयः	४. ब्रह्मर्षि	स्तुतिभिः	८. स्तुतियों द्वारा
अमलाः ।	५. निर्मल स्वभाव वाले	विभुम् ॥	९. प्रभु की

श्लोकार्थ—बाल खिल्य नाम के साठ हजार ब्रह्मर्षि निर्मल स्वभाव वाले आगे से सूर्य की ओर मुहँ करके चलते हैं । स्तुतियों द्वारा प्रभु की स्तुति करते हैं ॥

पञ्चाशः श्लोकः

एवं ह्यनादिनिधनो भगवान् हरिरीश्वरः ।
कल्पे कल्पे स्वमात्मानं व्यूह्य लोकानवत्यजः ॥५०॥

पदच्छेद—

एवम् अनादि निधनः भगवान् हरिः ईश्वरः ।
कल्पे-कल्पे स्वम् आत्मानम् व्यूह्य लोकान् अवतियजः ॥

शब्दार्थ—

एवम्	१. इस प्रकार	कल्पे-कल्पे	८. कल्प-कल्प में
अनादि	२. आदि	स्वम्	९. अपने
निधनः	३. अन्त से रहित	आत्मानम्	१०. स्वरूप का
भगवान्	४. भगवान्	व्यूह्य	११. विभाग करके
हरिः	५. हरि	लोकान्	१२. लोकों का
ईश्वरः ।	६. ईश्वरः	अवतियजः ॥	७. अजन्मा रक्षण करते हैं

श्लोकार्थ—इस प्रकार आदि अन्त से रहित भगवान् हरि ईश्वर अजन्मा कल्प-कल्प में अपने स्वरूप का विभाग करके लोकों का रक्षण करते हैं ॥

श्रीमद्भागवते महापुराणे पारमहंस्यां संहितायां द्वादशः स्कन्धेः
आदित्यव्यूह विवरण नाम एकादश अध्यायः ॥११॥

—११८—